अमर उजाला
मातृ दिवस आज amarujala.com बरेली रविवार, 10 मई 2026 ज्येष्ठ कृष्ण-अष्टमी ■ विक्रम संवत-2083

PAGE NO.- 18 : TOP

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में यूपीसीसीडीएसआईकोन का शुभारंभ

बरेली (वि)। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में शनिवारको दो दिवसीय दूसरी यूपीसीसीडीएसआईकोन और छठवीं एसआरएमएस मेडिसिन अपडेट कॉन्फ्रेंस शुरू हुई। एसजीपीजीआई लखनऊ के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने जन स्वास्थ्य पर विशेष जागरूकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक कर स्वस्थ समाज बनाना सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यह कांफ्रेंस एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन ऑफ इंडिया की बरेली शाखा के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इसका आयोजन क्लीनिको कार्डियो डायबिटीज सोसाइटी ऑफ इंडिया यूपी चैप्टर द्वारा किया गया। कांफ्रेंस के पहले दिन उद्घाटन सत्र के साथ आठ वैज्ञानिक सत्र हुए। इनमें देशभर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मधुमेह, कार्डियो-मेटाबोलिक रोग, हाइपरटेंशन, किडनी रोग, यौन स्वास्थ्य और आधुनिक चिकित्सा तकनीकों पर नवीनतम जानकारियां साझा कीं। डॉ. मधुकर राय ओरेशन में जमशेदपुर के डॉ. अनिल कुमार विरमानी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में क्लीनिकल मेडिसिन पर व्याख्यान दिए। उन्होंने भविष्य की चिकित्सा प्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर प्रकाश डाला। कांफ्रेंस के वैज्ञानिक सत्रों में मधुमेह और इससे संबंधित बीमारियों पर विशेष चर्चा हुई। यूपीसीसीडीएसआई के सचिव डॉ. साजिद अंसारी, एपीआई बरेली के अध्यक्ष डॉ. अनुपम शर्मा और यूपी आईएमए के अध्यक्ष इलेक्ट डॉ. रवीश कुमार सहित कई चिकित्सक उपस्थित रहे।